महत्वपूर्ण एवं खास

मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में रेडियोलॉजी विभाग के 5 पदों में संविदा भर्ती के लिए चल रहा वॉक इन इंटरव्यू

रायगढ़। रायगढ़ के स्व.लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में रेडियोलॉजी विभाग में चिकित्सा शिक्षकों और चिकित्सकों के विभिन्न पदों में भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू लिए जा रहे हैं। जिन्हें दूसरे विभागों से अधिक मासिक वेतन भुगतान किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज ने बताया कि इसमें प्राध्यापक के एक पद के लिए वॉक इन इंटरव्यू आयोजित है। इस पद के लिए 2 लाख 20 हजार रूपए एकमुश्त मासिक वेतन का भुगतान किया जाएगा। वहीं 1 पद सह प्राध्यापक के लिए 1 लाख 90 हजार, सहायक प्राध्यापक के 1 पद हेतु 1 लाख 50 हजार और सीनियर रेजिडेंट के 2 पद हेतु प्रति पद 1 लाख रुपए का एक मुश्त भुगतान किया जाएगा। रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर्स जो मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में सेवाएं देना चाहते हैं वे कार्यालयीन दिवस और समय पर मेडिकल कॉलेज में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं।

पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हो चुकी है वे 31 दिसम्बर तक करा सकते है पंजीयन नवीनीकरण

नियत समय के बाद अनवीनीकृत पंजीयन को माना जाएगा अपंजीकृत

रायगढ़। श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत निर्माणी मजदूरों का एवं असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया जाता है। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 79,766 मजदूरों का पंजीयन हुआ है छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज दिनांक तक आवेदन प्रस्तुत नही किया गया है। ऐसे निर्माण श्रमिकों को 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन/नवीनीकरण आवेदन कर सकते हैं तथा 31 दिसम्बर के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। जिससे वे विभाग द्वारा संचालित किसी भी प्रकार के जन कल्याणकारी योजना का लाभ भविष्य में प्राप्त नहीं कर सकेगें। विभाग के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन नि:शुल्क है एवं किसी भी सी.एस. सी.सेंटर अथवा किसी भी कम्प्यूटर के द्वारा किया जा सकता है। वर्तमान में शासन द्वारा श्रम विभाग के पंजीयन एवं योजनाओं के आवेदन हेतु मोबाईल एप श्रमेव जयते जारी किया गया है जिसमें श्रमिक स्वत: ही अपना पंजीयन कर सकते है एवं पंजीकृत श्रमिक योजना हेतु आवेदन कर सकते है। उक्त आवेदन google playstore अथवा श्रम विभाग की वेबसाईट cglabour.nic.inमें उपलब्ध है।

प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना, 96 विद्यार्थियों को मिला प्रवेश

5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर कक्षाएं होगी शुरू

रायगढ़। रायगढ़ जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई है, जो रायगढ़ के गढ़उमरिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के भवन में संचालित होगा। राज्य स्तर पर की गई काउंसलिंग के बाद 96 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। विद्यालय में नियमित कक्षाएं आगामी 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर आरंभ होंगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में विद्यालय संचालन हेतु समस्त आवश्यक एवं मूलभूत तैयारियां कर ली गई है। आदिवासी विकास रायगढ़ के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तरीय गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता का प्रतीक माने जाने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत रायगढ़ जिले में की गई है। यह विद्यालय गढ़उमरिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के भवन में संचालित होने जा रहा है। विद्यालय में प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर की गई विद्यार्थियों की काउंसलिंग पश्चात कुल 96 विद्यार्थियों में 49 बालक एवं 47 बालिकाओं को प्रवेश रायगढ़ स्थित प्रयास विद्यालय में दिया गया है। उक्त चयनित विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं अगामी 05 सितम्बर 2024 से आरंभ होगी। विद्यालय में प्रशासक की नियुक्ति, शैक्षणिक तथा कार्यालयीन स्टाफ की व्यवस्था, छात्रावास हेतु छात्रावास अधीक्षक की नियुक्ति, फर्नीचर, भोजन सामाग्री, इत्यादि समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर गोयल ने प्रयास विद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों को उनके चयन पर बधाई देते हुए शीघ्र ही प्रयास विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करने को कहा है।

चक्रधर समारोह-2024

चक्रधर समारोह के मंच को पद्मश्री से सम्मानित 7 विभूतियां करेंगी सुशोभित

रायगढ़

चक्रधर समारोह का मंच कला जगह में अपनी विशिष्ट ख्याति रखता है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान कोविड महामारी के चलते समारोह वृहत स्तर पर आयोजित नहीं किया जा सका था। इस दफे लंबे अंतराल के बाद चक्रधर समारोह फिर से अपने पुराने वैभव और गरिमा के साथ आयोजित होने जा रहा है। 10 दिवसीय कला महोत्सव की रूप रेखा तैयार की जा चुकी है। नामचीन कलाकार अपने हुनर के प्रदर्शन के लिए रायगढ़ पहुंचने वाले हैं। इस बार के आयोजन में एक खास बात और शामिल है। इस वर्ष भारत सरकार के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित 7 विभूतियां रायगढ़ चक्रधर समारोह के मंच को सुशोभित करेंगी।

पद्मश्री हेमा मालिनी-हेमा मालिनी, जो भारतीय सिनेमा की एक प्रमुख और बहु-प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, अपने भरतनाट्यम नृत्य के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। भरतनाट्यम, जो एक प्राचीन और शास्त्रीय नृत्य शैली है, में हेमा मालिनी की निपुणता और दक्षता अद्वितीय है। उनके नृत्य की विशेषताएँ उनकी उत्कृष्ट तकनीक, भाव-प्रकटीकरण और मंच पर उनकी उपस्थिति में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। उन्होंने न केवल अपनी कला को फिल्मों के माध्यम से प्रस्तुत किया, बल्कि शास्त्रीय नृत्य की कला को भी पूरे देश और विदेश में लोकप्रिय बनाया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियाँ की हैं, जिनमें भारतीय पौराणिक कथाओं और धार्मिक कथाओं का सुंदर चित्रण होता है। उनके प्रदर्शन में नृत्य की विभिन्न मुद्राओं और भावनाओं का अभिव्यक्ति, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। उनकी नृत्य साधना और कला के प्रति समर्पण ने उन्हें न केवल सिनेमा की दुनिया में, बल्कि शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में भी एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। उन्हें वर्ष 2000 में चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

पद्मश्री रामलाल बरेठ-इन्होंने रायगढ़ कत्थक शैली को विकसित करने और कत्थक को घराने के रूप में स्थापित करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। रायगढ़ कत्थक शैली को लोकप्रिय बनाने में पंडित रामलाल बरेठ का बहुत बड़ा योगदान है। उनके अथक प्रयास से रायगढ़ कत्थक शैली को रायगढ़ घराना के नाम से जाना जाता है। रायगढ़ घराना पूरी दुनिया में चौथे कत्थक घराने के रूप में प्रसिद्ध है। पंडित रामलाल को 1996 में भारत के माननीय राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने भारत के राष्ट्रीय सम्मान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें वर्ष 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

पद्मश्री कुमारी देवयानी-अनिक शेमोटी, जिन्हें मंच नाम कुमारी देवयानी के रूप में जाना जाता है, एक भारतीय नृत्यांगना हैं, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम में प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने भारत के साथ-साथ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली, ग्रीस, पुर्तगाल, स्कैंडिनेवियाई देशों, एस्टोनिया और दक्षिण कोरिया के त्योहारों और संगीत हॉल में प्रदर्शन किया है। देवयानी भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की सूचीबद्ध कलाकार हैं। 2009 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

पद्मश्री डॉ.भारती बंधु-एक भारतीय संगीतकार और गायक हैं, जिनके कबीर भजन बहुत प्रसिद्ध हैं। वे छत्तीसगढ़ के रायपुर में पैदा हुए थे। भारती बंधु ने देश दुनिया भर में हजारों प्रस्तुतियां दी हैं। उन्हें संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया था। उन्हें राजा चक्रधर सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। वे भारत में सूफी और कबीर संगीत के प्रतीक हैं। उन्हें वर्ष 2013 में पद्मश्री से नवाजा गया है।

पद्मश्री अनुज शर्मा- छत्तीसगढ़ी सिनेमा और कला क्षेत्र में ख्यात्तिलब्ध व्यक्तित्व अनुज शर्मा को उनके निर्देशनए अभिनय और गायन में उनकी प्रतिभा के लिए जाना जाता है। कला के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा 2014 में चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

पद्मश्री डॉ.सुरेंद्र दुबे-सुरेंद्र दुबे अपनी हास्य कविताओं के लिए पूरे देश दुनिया में प्रसिद्ध हैं। वे वह पेशे से एक आयुर्वेदिक चिकित्सक भी हैं। प्रदेश की बोली और संस्कृति को उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों से बढ़ावा दिया है। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2010 में देश के चौथे उच्चतम भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। पद्मश्री रंजना गौहर-प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना, कोरियोग्राफर तथा फिल्म निर्मात्री हैं। उन्हे पद्मश्री व संगीत नाटक अकादमी के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। वह ओडिसी नृत्य के संदर्भ में एक किताब (ओडिसी द डांस डिवाइन) भी लिख चुकी हैं। रंजना गौहर को 2003 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित पद्मश्री और 2007 में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

पैतृक संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र के जलडेगा गांव में 29 अगस्त 2024 को एक मारपीट की घटना घटी, जब पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई महेश राम बैगा ने अपने बड़े भाई कंश राम बैगा (उम्र 45 वर्ष) की हत्या कर दी। प्रार्थी रामलाल बैगा ने 30 अगस्त को इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया।

घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब कंश राम बैगा और महेश राम बैगा के बीच पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान महेश राम बैगा ने गुस्से में आकर टंगिया के बेंठ और अपनी कलाई में पहने हुए स्टील के कड़े से अपने बड़े भाई के सिर, बाएं कान, कनपटी और पीठ पर कई वार किए। इन गंभीर चोटों के कारण कंश राम बैगा की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही कापू थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण मरकाम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटनास्थल से खून के धब्बों और सादी मिट्टी को साक्ष्य के रूप में जब्त किया गया। आरोपी महेश राम बैगा की निशानदेही पर गवाहों के समक्ष हत्या में प्रयुक्त लोहे का टंगिया बरामद किया गया। आरोपी महेश राम बैगा पिता स्व.जीत राम बैगा उम्र 40 वर्ष साकिन जलडेगा थाना कापू जिला रायगढ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

खरसिया पुलिस ने बैटरी और स्टेपनी चोर को किया गिरफ्तार, 4 बैटरी एवं 3 स्टेपनी टायर बरामद

रायगढ़

खरसिया पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एनएच किनारे खड़ी हाईवा वाहनों से बैटरी और स्टेपनी टायर चुराने वाले आरोपी शेख अयातुल्ला को गिरफ्तार कर आरोपित से 04 नग एक्साइड कंपनी की बैटरी और 03 स्टेपनी टायर बरामद किया गया है।

घटना की रिपोर्ट कल थाना खरसिया में पंचराम साहू, निवासी बानीपाथर, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ ने दर्ज कराई कि उसे दिनांक 25/08/2024 को तब जानकारी मिली जब एनएच रोड के किनारे स्थित इसके ढाबे के पास खड़े तीन हाईवा वाहनों से बैटरी और स्टेपनी टायर चोरी हो गए हैं। पंचराम ने बताया कि इसके ढाबे के पास 10 चक्का वाहन क्रमांक एमपी 07 एचबी 7806, हाईवा क्रमांक एमपी 07 एचबी 4271 एवं हाईवा क्रमांक एमपी 07 एचडी 4936 के मालिकों द्वारा काम बंद कर दिए जाने के कारण अपने वाहनों को इसके ढाबे के पास खड़ी कर अपने-अपने गांव घर चले गए, जिनकी देखभाल पंचराम कर रहा था। खरसिया पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपित पर अप.क्र. 496/2024 धारा 303(2) BNS के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हाजीपारा बेल खरिया, थाना लखनपुर, जिला सरगुजा का निवासी शेख अयातुल्ला (उम्र 26 वर्ष) इस चोरी में संलिप्त है। पूछताछ में शेख अयातुल्ला ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि चोरी किया गया सामान उसने घटना स्थल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में छुपा रखा था। खरसिया पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपित के निशानदेही पर 04 नग एक्साइड कंपनी का बैटरी एवं 03 स्टेपनी टायर लगा हुआ (रु.54,000) घटना स्थल से कुछ दूरी पर ले जाकर झाड़ियों के बीच छुपा कर रखा था जिसे बरामद कर आरोपी शेख अयातुल्ला को आज दोपहर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इस सफल कार्रवाई में टीआई खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, एएसआई हेमंत कश्यप, प्रधान आरक्षक जगदेव प्रसाद दिग्रस्कर और हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

मिशन उत्कर्ष परीक्षा परिणामों को लेकर पालकों एवं शिक्षकों ने की समीक्षा

- पालकों ने मासिक परीक्षा को बताया छात्र हित में

रायगढ़

जिले में शिक्षा गुणवत्ता विकास के लिये चलाई जा रही मिशन उत्कर्ष परीक्षा परिणामों को लेकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कोतरा में आज रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर के.वी.राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षा अध्यापकों ने माह जुलाई एवं अगस्त के मासिक परीक्षा परिणामों को अपनी-अपनी कक्षाओं में पालकों से परीक्षा परिणामों एवं विद्यार्थियों की प्रगति पलकों के समक्ष रखी और परिणाम पर विस्तृत चर्चा की।

जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही मिशन उत्कर्ष परीक्षा की सभी पालकों ने सराहना करते हुए कहा हर माह परीक्षा लेने से विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर बढ़ रहा है विद्यार्थियों को लिखने एवं याद करने का लगातार अभ्यास हो रहा है। विद्यालय की अन्य गतिविधियों को लेकर पालकों द्वारा शिकायत एवं सुझाव बॉक्स में विभिन्न प्रकार की शिकायत एवं सुझाव आये थे। जिसकी समीक्षा पी.टी.एम. के उपरांत शाला के प्रभारी प्राचार्य आरसी नवनीत, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मगन लाल पटेल एवं सभी स्टाफ की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पालकों द्वारा आए सुझाव शिकायत पर विस्तृत चर्चा हुई। विद्यालय स्तर की समस्याओं का निदान करते हुएए जल्द ही एसएमडीसी की बैठक आयोजित कर समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। अंग्रेजी माध्यम में शिक्षकों की कमी की पूर्ति के लिये जिला शिक्षा अधिकारी से पत्राचार करने का आग्रह किया गया। हिंदी माध्यम में अनुपस्थित विद्यार्थियों को मुख्य धारा में लाने के लिए गांव-गांव भ्रमण करने की रणनीति बनी। सभी शिक्षक ने मिलकर तय किया कि लक्ष्य बनाकर हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत लाना है। सभी शिक्षकों ने कहा पालक और शिक्षक मिलकर ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। इसलिए विद्यालय समय-समय पर पालक शिक्षक बैठक का आयोजन करते रहता है।

चारित्रिक शंका पर महिला की हत्या, मृतिका का आरोपित पति गिरफ्तार

रायगढ़

थाना घरघोड़ा क्षेत्र के चोटीगुड़ा गांव में 29 अगस्त 2024 को एक घटना में बसंत राठिया नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी रत्ना राठिया (उम्र 49 वर्ष) की हत्या कर दी। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था, सुबह करीब 8 बजे झगड़े के दौरान उसने शील लोडहा (पत्थर) से पत्नी के सिर और चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

गंभीर रूप से घायल रत्ना राठिया को तुरंत शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घरघोड़ा ले जाया गया, जहां से उन्हें शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसी दिन दोपहर 3:40 बजे उनकी मृत्यु हो गई।

चक्रधरनगर थाने से सूचना प्राप्त होते ही थाना घरघोड़ा में मर्ग जांच और पंचनामा की कार्रवाई की। डॉक्टर की शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि मृतिका की मृत्यु सिर पर आई गंभीर चोटों के कारण हुई थी। प्रारंभिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर, आरोपी बसंत राठिया के खिलाफ धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा स्वतंत्र साक्षियों के बयानों और घटना स्थल निरीक्षण के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में बसंत राठिया ने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की। उसके मेमोरंडम बयान के आधार पर, घटना में प्रयुक्त पत्थर (शील लोडहा), एक लोहे का पाउसूल, और घटना के दौरान पहने गए कपड़े (नीला टी-शर्ट और चेकदार लुंगी) को जब्त किया गया। आरोपी आरोपी बसंत राठिया पिता स्व. रूंगुराम राठिया उम्र 51 वर्ष सा. चोटीगुड़ा, थाना घरघोडा जिला रायगढ़ को 30 अगस्त 2024 की शाम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, आरोपित पत्नीहंता को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है।

किरोड़ीमल नगर अस्पताल के उपलब्ध सुविधाओं को जांचा गया 08 राष्ट्रीय मानक स्तर पर

- राष्ट्रीय स्तर से आई विशेषज्ञों की टीम ने मरीज को प्रदाय की जाने वाली सेवा व्यवस्था से लेकर प्राप्त अंतिम नतीजे तक उपलब्ध सुविधाओं का किया जांच
- संस्था के चयनित होने पर अस्पताल को मिलेगा प्रमाण-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि

रायगढ़

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक ऐसा कार्यक्रम जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को पहचानना एवं सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता बढ़ाना है। इसी क्रम में 29 एवं 30 अगस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किरोड़ीमल नगर का एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणन दिए जाने हेतु बाहर से आए विशेषज्ञों ने उपलब्ध सुविधाओं की जांच की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में डॉक्टर शालिनी चावला उप-अधीक्षक सर गंगा-राम हॉस्पिटल नई-दिल्ली तथा डॉक्टर गोपी लक्ष्मण वाई, असिस्टेंट प्रोफेसर आंध्र-यूनिवर्सिटी विशाखापट्टनम द्वारा 08 कसौटी पर किरोड़ीमल नगर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जांच की गई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2013 में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम की शुरुआत के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना शुरू किया। यह कार्यक्रम सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थाई सुस्पष्ट और मापने योग्य गुणवत्ता मानको की बुनियाद पर स्थापित किया गया। उपयोग करने में आसान जांच सुविधा सेवा प्रदाता एवं अन्य हित धारकों को स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन करने कमियों का पता लगाने, उन्हें प्राथमिकता देने कमियों को दूर करने के लिए, सुधार गतिविधियां शुरू करने और अंतत: मानकों को प्राप्त करने में सक्षम बनाती हैं। इस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय, राज्य, जिला और स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर स्थापित एक मजबूत संस्थागत ढांचे के द्वारा पूरी प्रक्रिया को सहयोग प्रदान किया जाता है। दो दिवसीय राष्ट्रीय मूल्यांकन/निरीक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यालय से डी.पी.एम.(एन.एच.एम.) रंजना पैंकरा, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ देवेंद्र गुर्जर, विकासखंड लोइंग से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हितेश जायसवाल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया, लेखा प्रबंधक पवन प्रधान, डाटा प्रबंधक योगेश यादव, राजेश साहू, निर्मल प्रसाद, जेएसए गणेश निषाद, अर्जुन सारथी, वेद प्रकाश पटेल, एच एल नायक, डॉ कृष्ण कमल डॉ गोपाल नायक श्वेता पटेल डॉ अनीता चंद्रा, एसटीएस टोप्पो, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ज्योति पटेल, जेनिफर जोसेफ, दीपक वर्मा, अनूप रात्रे, रोशनी जोल्हे, किरोड़ीमल अस्पताल स्टाफ डिलेश चंद पटेल, डॉ समीर श्रीवास, फार्मासिस्ट हरिशंकर सिंह रजनी टंडन, रागिनी ददोरिया, लता यादव, भीम देवांगन, प्रमिला देवांगन, रुक्मणी चंद्रा, हेमवती श्रीवास, मनोज कुमार चौधरी, गोपाल मणि पटेल, रेखा सेन गुप्ता, गुलो चंद साहू, रूबिना चौहान, उषा साहू, मितानिन रागिनी आदिले, गौरी यादव, सीता बाई, पद्मिनी, किरण, आरती का सहयोग सराहनीय रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480